# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा– पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को दिया जाएगा कठोरतम जवाब।
2. मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ ने आज हरदोई, शाहजहांपुर, और हापुड़ में गंगा एक्सप्रेस–वे के निमाण कार्यों का लिया जायजा : कहा– नवबंर तक पूरा हो जाएगा एक्सप्रेस वे का काम।
3. नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने की आज प्रदेश के नगरीय निकायों की वर्चुअल समीक्षा : 30 मई तक पूरे राज्य में सभी नाल नालियों की सफाई के दिए निर्देश।

और

4. प्रदेश के कई इलाकों में आज से लेकर 29 अप्रैल तक गरज–चमक के साथ बारिश का अनुमान, तेज हवाएं चलने की आशंका।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम की 121वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करते हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है।

*जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल–कॉलेजों में एक वाइब्रेंसी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी। देश के दुश्मनों को, जम्मू–कश्मीर के दुश्मनों को, ये रास नहीं आया। आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में देश की एकता सबसे बड़ी ताकत है।

*आतंकवाद के खिलाफ देश की एकता हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है।*

श्री मोदी ने कहा कि आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया से संवेदनाएं आ रही हैं। मन की बात में प्रधानमंत्री ने डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में पिछले महीने म्यांमार में आए भूकंप का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में जागरूकता सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा कि अब प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग अपने मोबाइल पर सचेत ऐप की मदद से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बाइट..

*'सचेत ऐप, भारत की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी ने तैयार किया है। बाढ़, साइक्लोन, लैंड–स्लाइड, सुनामी, जंगलों की आग हिम–स्खलन आंधी, तूफान या फिर बिजली गिरने जैसी आपदाएं हो, 'सचेत ऐप' आपको हर प्रकार से इन्फॉर्म्ड और प्रोटेक्टेड रखने का प्रयास करता है। इस ऐप के माध्यम से आप मौसम विभाग से जुड़े अपडेट्स प्राप्त कर सकते हैं। खास बात ये है कि 'सचेत ऐप' क्षेत्रीय भाषाओं में भी कई सारी जानकारियां उपलब्ध कराता है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान का एक वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए पेड़ जरूर लगाएं। बाइट...

*एक साल में इस अभियान के तहत देशभर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। भारत की इस पहल को देखते हुए, देश के बाहर भी लोगों ने अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए हैं। आप भी इस अभियान का हिस्सा बनें, ताकि एक साल पूरा होने पर, अपनी भागीदारी पर आप गर्व कर सकें।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की चर्चा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर इस अभियान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा

कि आज 'नयाभारत' पर्यावरण के क्षेत्र में भी दुनिया का पथ प्रदर्शक बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नया भारत आतंकवाद क विरुद्ध निर्णायक लड़ाई के लिये कटिबद्ध है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हरदोई, शाहजहांपुर, और हापुड़ में गंगाएक्सप्रेस–वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने हरदोई में अधिकारियों से गंगा एक्सप्रेस के निर्माण कार्यों की जानकारी ली आर समय से काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस–वे के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस–वे में से एक है। गंगा एक्सप्रेस–वे का काम नवंबर तक पूरा होना है। बाइट...सीएम

*देश के सबसे लम्बे एक्सप्रेस वे में से गंगा एक्सप्रेस वे है चार पैकेज में कार्य चल रहा है। इस पैकेज में जो अब तक 85ः कार्य होना चाहिए था वह कॉम्प्लीट हो चुका है और यह तेजी के साथ बढ़ रहा है। 594 किलोमीटर पूरे गंगा एक्सप्रेस वे को नवम्बर तक कॉम्प्लीट करना है जिन संस्थाओं के साथ में उ0प्र0 शासन का एग्रीमेंट है उन्हें इस कार्य को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना है।*

इस दौरान उन्होंने साढ़े तीन किमी लंबी नवनिर्मित हवाई पट्टी का निरीक्षण भी किया। श्री योगी ने कहा कि

एक्सप्रेस–वे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है। बाइट...

*इंटरनेशनल मानक के अनुरूप एयरस्ट्रिप का निर्माण तकरीबन साढ़े तीन किलोमीटर लम्बी यह एयरस्ट्रिप यहां शाहजहांपुर में बनायी गयी है जो इमरजेन्सी के दौरान किसी भी समय में यहां पे फाइटर विमान को या किसी भी ऐरोप्लेन को लैंड करने की फैसीलिटी इस एकस्प्रेस वे पर उपलब्ध करवाई गई है। एयरपोर्ट की भी व्यवस्था इस पर हमको प्रस्ताबित कर रहे हैं कि इमरजेन्सी में कहीं पे कोई हमें एयरपोर्ट की फैसीलिटी देनी हो तो इसका उपयोग किया जा सकता है।*

हापुड़ में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेस–वे और उसके किनारे तैयार होने वाले औद्योगिक गलियारे के कार्यों का निरीक्षण किया।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज लखनऊ में निकाय कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने बरसात को देखते हुए प्रदेश में सभी छोटे बड़े

नाले–नालियों की सफाई 30 मई से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। पेश है एक रिपोर्ट...

*नगर विकास मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि निकायों में सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए। नगर विकास मंत्री ने बनारस, अलीगढ़, अयोध्या, लखनऊ, गोरखपुर, मथुरा, कानपुर नगर के नगर आयुक्तों से सीधे संवाद कर साफ–सफाई, स्वच्छता और सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान देने, नगरीय क्षेत्र की सड़कों की हालात को बेहतर बनाने तथा सभी नाले नालियों की समय से सफाई करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को नगरों में चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

प्रयागराज में शिक्षा निदेशालय के मुख्य भवन में आज सुबह आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर शीघ्र ही काबू पा लिया, फिलहाल स्थिति सामान्य है। अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि घटना की विस्तार से जांच के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग के सचिव की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया है।

——————————

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आज भी प्रदेश के कई जिलों में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं बागपत जिले के शहर आर कस्बे के बाजार पूरी तरह से बंद रहे। पीलीभीत में भी बाजार बंद रहे।

———————

प्रदेश में सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए पिछले 17 मार्च से लेकर 27 अप्रैल तक 42 दिनों में 4 लाख 20 हजार 837 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। सत्र–2025–26 में औसतन प्रतिदिन एक हजार से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया है। अब तक एक लाख 19 हजार से अधिक किसानों से लगभग साढ़े छह लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद भी की जा चुकी है। गेहूं खरीद 15 जून तक चलेगी।

———————

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एन्टरटेनमेंट शिखर सम्मेलन–वेव्स–2025 पहली से चार मई तक मुंबई में आयोजित होगा। शिखर सम्मेलन में भारत मंडप में देश की विरासत और वैश्विक मीडिया तथा मनोरंजन परिदृश्य के बढ़ते प्रभाव का प्रदर्शन होगा।

———————

प्रदेश के कई जनपदों में आज से लेकर 29 अप्रैल तक गरज–चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। इस दौरान तेज हवाएं भी चलने की आशंका है।

———————

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से

हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियस ने एलएसजी को 216 रनों का लक्ष्य दिया था।

————————————